*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 23 नवम्बर 2024 शनिवार

## सम्पादकीय

# अडानी की बढ़ती मुश्किलें

एक बार फिर अडानी समूह की विश्वसनीयता को लेकर सवाल खड़े हुए हैं। हालांकि, समूह ने हिंडनबर्ग के तीखे हमलों का मुकाबला बखूबी किया था, लेकिन इस बार उसे जटिल विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिकी अभियोजकों द्वारा दुनिया के सबसे अमीर लोगों में शुमार गौतम अडानी पर कारोबारी हितों के लिये रिश्वत देने के आरोप लगाये गए हैं। जिसके चलते समूह की कंपनियों के शेयरों में गिरावट देखी गई है। हालांकि, कारोबारी समूह ने रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी के आरोपों को निराधार कहकर खारिज किया है। लेकिन अब अडानी समूह के पास लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने के लिये खुद को तैयार करने के अलावा कोई विकल्प नजर नहीं आता। पहले से ही विपक्ष के निशाने पर रहने वाले गौतम अडानी और केंद्र सरकार के मुखिया के चर्चित रिश्तों को लेकर इस विवाद ने विपक्ष को एक नया हथियार दे दिया है। बहुत संभव है संसद के शीतकालीन सत्र में इस मुद्दे पर जमकर हंगामा हो। वहीं बचाव में उतरी भाजपा ने विपक्षी दलों के शासित राज्यों में अधिकारियों की बड़ी रिश्वतखोरी के मामलों की याद दिलायी। जबकि यह मामला भारत में रिश्वत देने से जुड़ा है तो इसकी तह तक जाने के लिये सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच वक्त की जरूरत है। निस्संदेह ऐसी किसी जांच के लिये न केवल केंद्र और राज्यों के बीच बल्कि भारत व अमेरिकी अधिकारियों के बीच बेहतर तालमेल की जरूरत होगी। उल्लेखनीय है कि अडानी समूह द्वारा कथित रूप से स्टॉक बाजार में हेराफेरी के कथित आरोपों की भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड यानी सेबी द्वारा जांच की जा रही है। लेकिन सेबी की विश्वसनीयता को लेकर भी तब सवाल उठने लगे थे, जब हिंडनबर्ग द्वारा खुलासा किया गया था कि सेबी अध्यक्ष व उनके पति की विदेशों में कर वंचना के लिये चलायी जा रही अडानी समूह की ऑफशोर कंपनियों में हिस्सेदारी है। ऐसे में इस मामले में सेबी द्वारा निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की उम्मीद पर भी सवाल उठेंगे।

इसके अलावा तमाम तरह के सवाल अमेरिकी अदालत द्वारा उठाये मुद्दों को लेकर सामने हैं। निस्संदेह, भारत सरकार को भी इस मामले में स्थिति स्पष्ट करने की जरूरत है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि अमेरिका में लगे आरोपों का अडानी समूह के अंतर्राष्ट्रीय निवेश पर कितना प्रभाव पड़ेगा। निश्चित रूप से अमेरिका में आपराधिक आरोप तय होना समूह के लिये एक बड़ा झटका है। लेकिन सवाल यह भी है कि भारत में दूसरे नंबर के अमीर व्यक्ति अडानी अमेरिका की नियामक कंपनियों व अदालत के निशाने पर क्यों हैं। निश्चित रूप से पिछले दशक में गौतम अडानी समूह ने अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाहों से लेकर पावर सेक्टर तक में तेजी से अपना कारोबार बढ़ाया है। वहीं दूसरी ओर गुरुवार को अडानी समूह ने इन आरोपों का खंडन किया कि अडानी ग्रीन एनर्जी ने सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया से आंध्र प्रदेश में आठ गीगावॉट सोलर पावर सप्लाई करने के टेंडर हासिल करने के लिये अधिकारियों को मोटी रिश्वत दी थी। बहरहाल, इस प्रकरण से अडानी समूह की वैश्विक महत्वाकांक्षा को झटका लग सकता है। रेटिंग एजेंसी मूडीज के मुताबिक भी, अडानी समूह के चेयरमैन व सीनियर अधिकारियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप तय होने के बाद समूह की कंपनियों की रेटिंग पर नकारात्मक प्रभाव होगा। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को बधाई देते हुए गौतम अडानी ने अमेरिका के ऊर्जा व इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में दस अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जतायी थी। जिसके अब खटाई में पड़ने की आशंका है। निश्चित रूप से भारत के रूस से गहरे होते रिश्तों व चीन से सुधरते संबंधों के बीच अमेरिका व कनाडा समेत पश्चिमी देशों में भारत को लेकर वक्र दृष्टि देखी जा रही है। अडानी प्रकरण को भी अमेरिका व भारत के बीच तल्खी के आलोक में देखा जा रहा है। अमेरिका ने इससे पहले आरोप लगाया था कि भारत सरकार के एक कर्मचारी ने न्यूयॉर्क में एक अमेरिकी नागरिक व सिख अलगाववादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की साजिश रची थी। बहरहाल, अब देखना होगा कि ट्रंप की ताजपोशी के बाद दोनों देशों के रिश्ते कैसे रहते हैं।

# गायब हो रहीं किराना की दुकानें

**–प्रेम प्रकाश–**



अमेरिका में नये राष्ट्रपति चुने जाने के बाद इस मुद्दे पर खूब सारी चर्चा हुई कि भारत के साथ उसके संबंध कैसे रहेंगे। दिलचस्प है कि विशेषज्ञों के बीच कूटनीतिक और रक्षा मसलों पर थोड़ी मत भिन्नता जरूर दिखी, पर आर्थिक मुद्दों पर ज्यादातर की राय एक जैसी थी। इसकी बड़ी वजह यह है कि भारत दुनिया के लिए आज भी बड़ा बाजार है। उपभोक्ताओं के मामले में हम काफी आगे हैं और कई भावी संभावनाओं से भी लैस हैं। यही नहीं, उपभोग की भारतीय परंपरा और प्रवृत्ति भी बाजार को भाती है।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के मुताबिक भारत का सतत उपभोक्ता सामान बाजार वित्त वर्ष 2029–30 तक पांच लाख करोड़ रुपये का हो जाएगा और 2027 तक हम दुनिया का चौथा सबसे बड़ा बाजार होंगे। इससे देश के भीतर एक नई स्थिति भी पैदा हो रही है। क्विक कॉमर्स की शक्ल में घर तक उपभोक्ता वस्तुओं की खरीद ने भारत की पारंपरिक बाजार व्यवस्था को पूरी तरह बदलकर रख दिया है।

भारत की घरेलू बाजार व्यवस्था किस तेजी के साथ बदल रही है, वह इस बात से समझा जा सकता है कि बीते एक साल में कम से कम दो लाख किराना स्टोर या पड़ोस के छोटे रिटेल आउटलेट बंद हो चुके हैं। यह तथ्य इसी माह आल इंडिया कंज्यूमर प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूटर्स फेडरेशन (एआईसीपीडीएफ) के अध्ययन में सामने आया है। इसके मुताबिक, भारतीय उपभोक्ता तेजी से ब्लिंकिट, ओटीपी और जेप्टो जैसे ऑनलाइन डिलीवरी प्लेटफार्मों की ओर रुख कर रहे हैं। यह अध्ययन देश के करीब 1.3 करोड़ ऐसे स्टोर के साथ किया गया है, जो किराना और पर्सनल केयर के सामान बेचते हैं। अध्ययन बताता है कि बंद होने वाले स्टोर्स में 45 प्रतिशत महानगरों के हैं। टियर 1 शहरों के 30 और टियर 2 व 3 शहरों के 25 प्रतिशत स्टोर्स बंद हुए हैं। क्विक कॉमर्स फर्म ग्राहक को लुभाने के लिए प्रीडेटरी प्राइसिंग या भारी छूट दे रही हैं और लागत से कम दाम पर बेच रही हैं। इसने एक अनफेयर प्लेइंग फील्ड बना दिया है, जिससे ग्राहक बेस और किराना स्टोरों की मुनाफे की क्षमता गिर रही है। भारत में बाजार और समाज का एक साझा चरित्र भी है, जो हमारे रोजमर्रा की जिंदगी में साफ तौर पर उभरता है। कस्बे–मोहल्ले से लेकर पास–पड़ोस में खुले किराना दुकानों की सबसे बड़ी ताकत उनकी सामाजिक विश्वसनीयता और आत्मीय व्यवहार रहा है। लेकिन यह सब मुनाफे और बचत की नई बाजार व्यवस्था में औंधे मुंह गिर रही है।

कायदे से नई बन रही स्थिति ने हमारे घर–परिवार और समाज को नए तरह से गढ़ना शुरू कर दिया है। इस स्थिति का ज्यादा गहराई से अध्ययन किया जाना चाहिए कि बाजार के साथ जुड़े हमारे सामाजिक संबंध और सरोकार अगर कमजोर पड़ते हैं, तो इसका असर हमारे विचार और स्वभाव में क्या पड़ेगा। ऐसी ही कुछ चिंताओं को ध्यान में रखते हुए हिंदुस्तान यूनिलीवर, डाबर इंडिया और नेस्ले इंडिया सहित प्रमुख कंपनियों के चार लाख खुदरा वितरकों का प्रतिनिधित्व करने वाली देश की सबसे बड़ी संस्था एआईसीपीडीएफ ने इस संबंध में वित्त, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय से मांग की है कि वह इस बदलाव को गहनता से देखे–समझे और नियंत्रित करे।


वैसे तो भारत के रिटेल बाजार के स्वरूप और प्रसार में परिवर्तन कोई नई बात नहीं है। बीते दो–ढाई दशकों में इस बारे में कई सारे तथ्य सामने आए हैं और नई बन रही स्थितियों के साथ भारतीय उपभोक्ता समाज लगातार अभ्यस्त भी होता जा रहा है। लेकिन बीते एक दशक में जो रुझान सामने आए हैं, वे चौंकाते हैं। वैसे भी ये बदलाव ऐसे समय में हुआ है जब भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) पहले से ही कथित स्ट्रेटेजिक प्राइसिंग और अन्य अनुचित प्रथाओं के लिए ऑनलाइन कॉमर्स प्लेयर्स की जांच कर रहा है। सीसीआई ने एक आंतरिक रिपोर्ट में पाया कि ई–कॉमर्स की प्रमुख कंपनियों अमेजॉन इंडिया और फ्लिपकार्ट ने अपने प्लेटफॉर्म पर चुनींदा विक्रेताओं को वरीयता देकर तय दिशा–निर्देशों का उल्लंघन किया है।

साफ है कि हमारे पास–पड़ोस में किराना दुकानों के कुछ बचे–खुचे साइनबोर्ड हैं, वे भी अगले कुछ समय में उतर जाएंगे। ऐसे में भारतीय उद्योग और व्यापार जगत की यह चिंता मायने रखती है कि क्विक कॉमर्स फर्मों की आर्थिक रचना की जांच की जाए। कथित प्रीडेटरी प्राइसिंग जैसी रणनीति से आगे बढ़ने वाली इन फर्मों के लिए दिशानिर्देश तो बनने ही चाहिए, इस बारे में कानूनी चुस्ती भी जरूरी है।

इस लिहाज से वित्त मंत्री का यह आश्वासन महत्वपूर्ण है कि सरकार क्विक कॉमर्स और ई–कॉमर्स प्लेयर्स की स्ट्रेटेजिक प्राइसिंग से नुकसान उठाने वाले कारोबारियों के हितों की रक्षा के लिए गंभीरता से विचार करेगी। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने भी ई–कॉमर्स क्षेत्र के बारे में इसी तरह की चिंता जताते हुए इन प्लेटफार्म्स को देश के भीतर निष्पक्ष रूप से संचालित करने की दरकार को माना है। बेहतर होगा कि सरकार की चिंता जल्द ही कारगर दिशानिर्देश और नीति के रूप में सामने आए ताकि स्थिति आगे और ज्यादा न बिगड़े।

# कानूनी दायरे में लाए जाएं चुनावी वायदे

**–उमेश चतुर्वेदी–**



चुनाव घोषणा पत्रों में किए वायदों को पूरा न कर पाने को लेकर सत्ता में आने वाला हर राजनीतिक दल मतदाताओं और विपक्षी दलों के निशाने पर रहा है। मतदाताओं की बढ़ती जागरूकता के चलते इन आलोचनाओं से बचने के लिए राजनीतिक दलों ने अब चुनाव घोषणा पत्र जारी करना बंद कर दिया है। 2012 के उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनावों में उतरी कांग्रेस ने राज्य के लिए विजन डाक्युमेंट जारी किया। इसके बाद सभी दलों ने चुनाव घोषणा पत्र के शीर्षक को तकरीबन त्याग दिया। अब भारतीय जनता पार्टी हर चुनाव के पहले संकल्प पत्र जारी करती है तो कांग्रेस अब गारंटियां देने लगी हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी ने पांच गारंटी देने का वादा किया। जो उसके लिए बहुत हिट रहा। अब पार्टियां गारंटी देती हैं, दृष्टि पत्र प्रस्तुत करती हैं और संकल्प पत्र प्रस्तुत करती हैं। गारंटी और संकल्प जैसे शब्द एक तरह से गवाह हैं कि राजनीतिक दलों के वायदों को लेकर मतदाताओं का एक बड़ा अब आलोचनात्मक रूख ही नहीं रखता है, बल्कि उन पर भरोसा भी नहीं करता।

घोषणा पत्र भले ही अब गारंटी या दृष्टि या संकल्प पत्र में तबदील हो गए हों, लेकिन अब भी उनकी साख नहीं बन पाई है। इसकी वजह यह है कि कई बार राजनीतिक दल वोटरों को लुभाने के चक्कर में ऐसे भी वायदे कर डालते हैं, जिन्हें पूरा कर पाना उनके लिए संभव नहीं होता। राजनीतिक दल भी जानते हैं कि संकल्प, दृष्टि या गारंटी पत्र में दिए वायदों को शत–प्रतिशत पूरा करना संभव नहीं है और अगर वे करते भी हैं तो सरकारी अर्थव्यवस्था का चरमरा सकती है। फिर वे वायदे करते हैं या कह सकते हैं कि सत्ता के लक्ष्य को लेकर चलने वाली मौजूदा राजनीति की यह मजबूरी भी है।

चुनाव घोषणा पत्रों और आज के दृष्टि और संकल्प पत्रों में किए वायदों और उन्हें लागू किए जाने को लेकर ठोस शोध जरूरी है। लेकिन मोटे तौर पर इनमें दर्ज ज्यादातर वायदे पूरे हो ही नहीं पाते। इसलिए मतदाताओं के एक वर्ग अलग ढंग से सोचने लगा है। मतदाताओं के एक वर्ग का मानना है कि चाहे जिस भी फ्रेम में चुनाव घोषणा पत्र जारी हों, उन्हें उपभोक्ता कानून के दायरे में लाना चाहिए। जिस तरह किसी प्रोडक्ट का निर्माता अपने प्रोडक्ट को लेकर गारंटी या वारंटी देता है, और जब वे पूरे नहीं होते तो उसके प्रोडक्ट खरीदने वाले उत्पादक के खिलाफ उचित फोरम में जाकर शिकायत दर्ज करा सकते हैं, उसी तरह चुनावी घोषणा पत्रों को लेकर भी कानून होने चाहिए। इस वर्ग का मानना है कि एक फोरम ऐसा भी होना चाहिए, जिसे कानूनी ताकत हासिल हो और जो चुनावी वायदाखिलाफी की सुनवाई कर सके।

> **दुर्भाग्यवश चुनाव आयोग की गाइड लाइन भी बहुत प्रभावी नहीं हो पा रही है। हवा–हवाई वायदे भी खूब किए जा रहे हैं। इनमें रोजगार और नौकरियों को लेकर की जाने वाले वायदे पहले नंबर पर हैं। कल्याणकारी योजनाएं भी इसी कैटेगरी में आती हैं। लेकिन बहुत कम राजनीतिक दल ऐसे हैं, जो कल्याणकारी योजनाओं से संबंधि वायदे करते वक्त उन्हें पूरा करने के लिए जुटाई जाने वाली रकम और उनके स्रोत और तरीकों की जानकारी नहीं देते। मतदाताओं की बढ़ती जागरूकता का दबाव ही है कि कल्याणकारी योजनाओं को लेकर वायदे खूब हो रहे और हर राजनीतिक दल अपने ढंग से लागू भी कर रहा है। भले ही राज्य के खजाने की हालत खस्ता ही क्यों ना हो जाए।**

चुनाव घोषणा पत्रों की स्थिति संविधान के नीति निर्देशक तत्वों की तरह ही है। नीति निर्देशक तत्व राज्य से लोक हित के तमाम कदम उठाने को लेकर उम्मीद तो करता है, लेकिन राज्य के लिए ऐसा करना अनिवार्य नहीं बनाता। नीति निर्देशक तत्वों के तहत राज्य या सरकार कदम नहीं उठाती तो किसी को भी किसी भी अदालत में इसकी शिकायत की ना तो अनुमति है और ना ही कोई अदालत ऐसी सुनवाई कर भी सकती है। चुनाव घोषणा पत्रों की भी कुछ ऐसी ही स्थिति है। हालांकि ऐसा नहीं है कि चुनाव घोषणा पत्रों को लेकर अदालतों के सामने सवाल नहीं उठे।

चुनाव घोषणा पत्र को लेकर दाखिल एक याचिका पर सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने 5 जुलाई 2013 को अपना फैसला सुनाया था। एस. सुब्रमण्यम बालाजी बनाम तमिलनाडु सरकार और अन्य के मामले में देश की सबसे बड़ी अदालत ने चुनाव आयोग को सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की सलाह से चुनावी घोषणापत्र के संबंध में दिशा–निर्देश तैयार करने का निर्देश दिया था। इस फैसले में कोर्ट ने कहा था– चुनाव आयोग, राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के बीच समान अवसर सुनिश्चित करने और यह देखने के लिए कि चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता पर आंच ना आए, घोषणापत्र को लेकर निर्देश जारी करे। जैसे आयोग आदर्श आचार संहिता के निर्देश जारी करता है। आयोग के पास संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए ऐसे आदेश दे सकता है।, अदालत को पता है कि सामान्यतया राजनीतिक दल मतदान के पहले चुनाव घोषणा पत्र जारी करते हैं, ऐसी स्थिति में चुनाव आयोग के पास किसी भी कार्य को रेगुलेट करने का अधिकार नहीं होता है। फिर भी, घोषणा पत्र को लेकर अपवाद बनाया जा सकता है, क्योंकि चुनावी घोषणापत्र का उद्देश्य सीधे चुनाव प्रक्रिया से जुड़ा होता है। इसके बाद चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों से विचार–विमर्श के बाद साल 2015 में चुनाव घोषणा पत्र को लेकर गाइड–लाइन जारी की थी। इसके अनुसार, – चुनाव घोषणापत्र में संवैधानिक आदर्शों और सिद्धांतों से इतर कुछ भी नहीं होगा और यह आदर्श आचार संहिता के अन्य प्रावधानों की भावना के अनुरूप होगा।

– संविधान में निहित राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों के तहत राज्यों को नागरिकों के लिए विभिन्न कल्याणकारी उपाय करने के आदेश हैं, इसलिए चुनावी घोषणा पत्रों में ऐसे कल्याणकारी उपायों के वायदे पर कोई आपत्ति नहीं हो सकती। हालांकि, राजनीतिक दलों को ऐसे वादे करने से बचना चाहिए, जिनसे चुनाव प्रक्रिया की शुचिता पर असर पड़ सकता है या मतदाताओं पर उनके मताधिकार का प्रयोग करने में अनुचित प्रभाव पड़ने की आशंका हो।

– पारदर्शिता, समान अवसर और वायदों की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए अपेक्षा की जाती है कि घोषणापत्र में किए गए वादे स्पष्ट हों और इसे पूरा करने के लिए वित्तीय संसाधन कैसे जुटाए जाएंगे, इसकी भी जानकारी हो। मतदाताओं का भरोसा उन्हीं वादों पर हासिल करना चाहिए, जिन्हें पूरा किया जाना संभव हो।

दुर्भाग्यवश चुनाव आयोग की गाइड लाइन भी बहुत प्रभावी नहीं हो पा रही है। हवा–हवाई वायदे भी खूब किए जा रहे हैं। इनमें रोजगार और नौकरियों को लेकर की जाने वाले वायदे पहले नंबर पर हैं। कल्याणकारी योजनाएं भी इसी कैटेगरी में आती हैं। लेकिन बहुत कम राजनीतिक दल ऐसे हैं, जो कल्याणकारी योजनाओं से संबंधि वायदे करते वक्त उन्हें पूरा करने के लिए जुटाई जाने वाली रकम और उनके स्रोत और तरीकों की जानकारी नहीं देते। मतदाताओं की बढ़ती जागरूकता का दबाव ही है कि कल्याणकारी योजनाओं को लेकर वायदे खूब हो रहे और हर राजनीतिक दल अपने ढंग से लागू भी कर रहा है। भले ही राज्य के खजाने की हालत खस्ता ही क्यों ना हो जाए। लेकिन यह भी सच है कि उस पर खर्च होने वाले फंड के स्रोत को लेकर जानकारी नहीं दी जा रही। साफ है कि चुनाव आयोग की गाइड लाइन इस संदर्भ में नाकाम लग रही है।

मौजूदा आर्थिकी में लाभ पर जोर है, रोजगार का सवाल लगातार पीछे छूटता जा रहा है। इसे उलटबांसी ही कहेंगे कि राजनीतिक दल इसी आर्थिकी को आगे बढ़ाने के साथ ही हवाई वायदों की फेहरिस्त भी जारी करते रहते हैं। चूंकि वोटरों के हाथ बंधे हुए हैं, इसलिए वे भी सवाल उठाने से ज्यादा कुछ नहीं कर सकते।

यहां पर याद आता है, संविधानसभा के सदस्य अनंत शयनम अयंगार के वे शब्द, जो उन्होंने नीति निर्देशक तत्वों पर अदालती चाबुक के तर्क के विरोध में दिया था। तब उन्होंने जनता की ताकत पर भरोसा जताते हुए कहा था कि पांच साल में एक बार जब चुनाव होंगे, तब मतदाताओं के लिए यह विकल्प होगा कि वे उन्हीं लोगों को न चुनें जो जनता की राय से अलग हैं।

लेकिन क्या ऐसा हो पा रहा है? निश्चित तौर पर इसका जवाब ना में है। ऐसे में सवाल उठता है कि फिर हवाई वायदे ना हों और जो किए जाएं, उन्हें लागू कैसे किया जाए? निश्चित तौर पर इसके लिए एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग को भी आगे आना होगा। मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था इस आत्म नियंत्रण करने से रही। चूंकि वायदों में ही सबका फायदा है, इसलिए कोई भी दल बिल्ली के गले घंटी बांधने के लिए आगे आने की हिम्मत नहीं दिखा पाएगा।

# युद्ध की आशंका और अमेरिका






**–संजीव ठाकुर–**

अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बनते ही डेमोक्रेट पार्टी के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन के लिए आने वाले समय मे कांटे बोने और परेशानी पैदा करने के काम को अंजाम देने में लग गए हैं। उन्होंने रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन को रूस के विरुद्ध फास्ट बैलेस्टिक मिसाइल्स इस्तेमाल करने के लिए एक समझौता कर उसे बड़ी मात्रा में मिसाइल की आपूर्ति भी कर दी है जिसके इस्तेमाल से दूरगामी क्षेत्र में भारी जान माल का नुकसान होने की संभावना बनती है और इसका इस्तेमाल यूक्रेन ने रूस के क्षेत्र में करना भी शुरू कर दिया और इसके फलस्वरुप रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने स्पष्ट रूप से घोषणा कर दी है कि वह अमेरिका की इस चाल को अच्छे से समझते हैं और यूक्रेन यदि इन मिसाइल्स का इस्तेमाल करता है तो वह परमाणु बम का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति द्वारा विश्व युद्ध की संभावना को रोकने की तो बात दूर उसे और भड़काने का प्रयास करने की कोशिश कर रहे हैं। इधर डोनाल्ड ट्रंप के जीतने और प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी के उनके साथ अच्छे संबंधों के चलते भारत की आर्थिक स्थिति को अस्थिर करने एवं भारत सरकार को कमजोर करने के लिए अमेरिका के व्यापारी जॉर्ज सिरोस के माध्यम से भारत के बड़े व्यापारी अदानी के विरुद्ध अमेरिका की संघीय अदालत में मुकदमा चलवा कर उसके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट भी जारी करवा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के भारत विरोधी व्यापारी जॉर्ज सीरोस के के व्यापारी पुत्र के संबंध संघीय अदालत के जज से मधुर संबंध पूर्व से ही स्थापित है और भारत तथा भारत के प्रधानमंत्री एवं अदानी को लक्ष्य रखकर षड्यंत्र रचा गया है जिससे प्रधानमंत्री मोदी की छवि को धुमिल किया जा सके। पूर्व राष्ट्रपति जो बाईडेन अब भारत विरोधी हो चुके हैं और उनकी पार्टी की हार का एक बड़ा कारण प्रवासी भारतीयों को भी मानते हैं इन परिस्थितियों में इजराइल फिलिस्तीन युद्ध और रूस यूक्रेन युद्ध में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति आज में घी डालने का काम कर रहे हैं। जबकि डोनाल्ड ट्रंप कमर्शियल सोच वाले व्यक्ति हैं और विश्व युद्ध की किसी भी संभावना पर वे रोक लगाने का प्रयास करेंगे। आज पूरा वैश्विक परिदृश्य और पृथ्वी परमाणु युद्ध के ज्वालामुखी पर बैठी हुई है ।परमाणु संपन्न देशों के तमाम शासक और हुक्मरान अपनी राजनैतिक आकांक्षाएं, मंसूबे और सनक को पूरा करने के लिए एक दूसरे के रक्त के प्यासे बने हुए हैंस परमाणु संपन्न देशों में चीन ,रूस और नॉर्थ कोरिया ऐसे देश हैं जिनकी बागडोर सनकी तानाशाह प्रशासकों के हाथों में है और ये देश अपनी विस्तार वादी महत्वाकांक्षा और सनक के चलते परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने से नहीं चूकेंगेस इतिहास गवाह है की सनकी प्रशासकों से हमेशा मानवता और शांति को युद्ध और हिंसा का खतरा बना रहता आया है। अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध में नागासाकी तथा हिरोशिमा में युद्ध की सनक में परमाणु बम से हमला कर लाखों लोगों को मौत के मुंह में भेज दिया था इसके अलावा परमाणु हथियारों के उपयोग से पैदा हुए विकरण से आज भी जापान में बच्चों पर अप्राकृतिक प्रभाव दिखाई देतें हैस इधर हम यदि उत्तर कोरिया के सनकी शासक किम योंग की बात करें तो वर्ष 2022 की शुरुआत के बाद से उत्तर कोरिया ने 100 से अधिक हथियारों के परीक्षण किए हैं विशेष तौर पर कुछ अमेरिकी मुख्य भूमि और उनके खास सामरिक सहयोगी दक्षिण कोरिया और जापान पर हमला करने के लिए डिजाइन की हुई परमाणु मिसाइल भी शामिल हैं। उत्तर कोरिया अमेरिका को लक्ष्य बनाकर क्रूज मिसाइल का प्रक्षेपण भी करता आ रहा है। रूस और यूक्रेन युद्ध के दौरान भारी तबाही का मंजर तो सामने आ ही गया है इसके अलावा यूक्रेन की अमेरिकी तथा नाटो देशों की मदद से नाराज होकर रूस स्पष्ट तौर पर परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की सार्वजनिक धमकी कई बार दे चुका है,उल्लेखनीय है कि रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन को जितना जान माल का नुकसान हुआ है उसके बराबर भी रूस में सामरिक हथियारों और सैनिकों की जाने गई हैं।रूस को इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था की यूक्रेन इतने दिन तक युद्ध को खींच सकता है। इन परिस्थितियों के परिणाम स्वरूप और वहां के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कभी भी अपनी सनक के चलते परमाणु बमों से हमला भी कर सकता है। चीन और ताइवान विवाद में भी चीन के तानाशाह सी जिनपिंग अपनी विस्तारवादी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए और अमेरिका के परोक्ष रूप से ताइवान की मदद के कारण नाराजगी के चलते ताइवान पर कभी भी हमला कर सकता है।

# निहाल हत्याकांडः दो आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, हथियार बरामद, बाइक जब्त



**संवाददाता–देवरिया।** शुक्रवार की भोर में नेहाल सिंह हत्याकांड के में शामिल दो बदमाशों को मुठभेड़ में दबोच लिया। बदमाशों को पैर में गोली लगी है। उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। इस घटना में शामिल तीन शूटरों को 12 नवंबर को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। जिले के सुरौली थाना क्षेत्र में जद्दु परसिया के पास मुख्य मार्ग पर 7 नवंबर को शुभम सिंह उर्फ नेहाल सिंह पुत्र विश्वजीत सिंह निवासी–समोगर थाना मदनपुर देवरिया की अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना सुरौली पर मृतक की मॉ गायत्री देवी की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं घटना के अनावरण हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया था। पुलिस टीम द्वारा इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों के माध्यम से आरोपियों की शिनाख्त करते हुए उनकी गिरफ्तारी हेतु सम्भावित स्थानों पर दबिश दी जा रही थी।

शुक्रवार की भोर में पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि घटना में शामिल दो बदमाश सुरौली थाना क्षेत्र के मरवटिया हाइडिल के पास मौजूद हैं। करीब पौने चार बजे पहुंचकर पुलिस टीम ने उन्हें दबोचना चाहा तो बदमाशों ने फायरिंग कर दी। मुठभेड़ में पुलिस ने अनुराग गुप्ता पुत्र विनोद गुप्ता उर्फ डब्बा एवं आशीष पाण्डेय पुत्र स्व. सत्या पाण्डेय निवासीगण–वार्ड नं. 28 रामनाथ देवरिया थाना कोतवाली थाना सदर कोतवाली को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पैर में गोली लगी है। उन्हें महर्षि देवराहा बाबा मेडिकल कॉलेज देवरिया में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आशीष पाण्डेय के पास से 1 पिस्टल एवं अनुराग गुप्ता के पास से 1 देशी तमंचा एवं मोटरसाइकिल बरामद किया है। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछ–ताछ की जा रही है। बृजेश गोस्वामी पुत्र विरेन्द्र गोस्वामी निवासी–बेलाड़ाड़ थाना गगहा जनपद गोरखपुर और अमन गिरी पुत्र राजेश गिरी निवासी–कहला थाना गगहा जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार कर लिया था। तीनों बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ में पैर में गोली लगी थी। दबोचे गए बदमाशों के पास से 1 पिस्टल, दो तमंचा और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई थी।

मदनपुर थाना क्षेत्र के समोगर निवासी विश्वजीत उर्फ राजू सिंह का शहर के मुंसफ कॉलोनी में मकान हैं। उनका बेटा नेहाल सिंह 7 नवंबर को बुलेट से अपने गांव मदनपुर थाना के समोगर से देवरिया आ रहा था। देवरिया–पकड़ी बरांव मार्ग पर जद्दू परसिया पेट्रोल पंप के पास करीब 11 बजे एक ही बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उसे गोली मार दी। उसे मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां डाक्टरों मृत घोषित कर दिया था। 8 नवंबर को पोस्टमार्टम के समय आक्रोशित परिजनों ने सिविल लाइन रोड पर कचहरी शिव मंदिर के पास देवरिया–गोरखपुर मार्ग पर आवागमन ठप कर प्रशासन को तीन युवकों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। एसपी संकल्प शर्मा ने इस हत्याकांड का खुलासा करने व हत्यारोपियों को गिरफ्तार करने को एसओजी समेत चार टीमें लगायी। पुलिस टीम हत्यारों तक पहुंचने में लगातार छापेमारी शुरू कर दी, लेकिन हत्यारोपियों और उनके परिजनों के फरार होने से उन्हे काफी मुश्किलें आने लगी। इस बीच हत्या में शामिल बाइक सवार तीन युवकों का सीसीटीवी फुटेज मिलने से पुलिस को कुछ अहम सुराग मिले। एएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि सुरौली थाना क्षेत्र में विगत सात नबंवर को एक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। जिसके संबंध में अभियोग पंजीकृत कर पूर्व में तीन अभियुक्तों की गिरफ्तारी गई थी। मुखबीर की सूचना पर दो और अभियुक्तों को पुलिस मुडभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया है जिनके पैर में गोली लगी है। इनका इलाज चल रहा है और स्थिति सामान्य है। इनके पास से अवैध शस्त्र भी बरामद हुआ है। अभियुक्तों से पूछताछ चल रही है।

## फ्लाईओवर से 40 फीट नीचे गिरी पिकअप, 10 सेकंड तक हवा में रही, बची सवारों की जान





**संवाददाता–गोण्डा।** कोतवाली क्षेत्र के बड़गांव फ्लाई ओवरब्रिज पर बृहस्पतिवार देर रात बेकाबू पिकअप की रफ्तार हादसे का कारण बन गई। फ्लाईओवर के मोड़ पर चालक रफ्तार कम नहीं कर सका। इसके बाद पिकअप करीब 40 फीट नीचे जा गिरी। हालांकि, करीब 10 सेकंड हवा में रहने के बाद पोल से टकराने के चलते चालक व उसके साथी की जान बच सकी। दोनों को गोंडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत खतरे से बाहर बताई है। नगर कोतवाली क्षेत्र के जयनगरा निवासी अंकुर (20) कैटरिंग का काम करते हैं। पीड़ित ने बताया कि बृहस्पतिवार रात करीब 10 बजे जयनगरा स्थित एक मैरिज लॉन में काम खत्म होने के बाद मामा बब्लू कुमार की पिकअप लेकर गांव के ही विनय कुमार (22) के साथ घूमने निकला था। इस दौरान बड़गांव रेलवे फ्लाईओवर के मोड़ पर सामने से अचानक ट्रक के आ जाने से नियंत्रण खो गया। बेकाबू पिकअप फुटपाथ पर चढ़ गई। रफ्तार इतनी थी कि फ्लाईओवर ब्रिज की रेलिंग तोड़ते हुए पिकअप करीब 40 फीट नीचे जा गिरी। करीब 10 सेकंड तक पिकअप हवा में रहने के बाद 20 मीटर दूर लगे एक पोल से टकराई। पोल टूट गया, जबकि पिकअप बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर आई पुलिस ने दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल ले गई। जहां मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने विनय को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी है। जबकि, पिकअप चला रहे अंकुर के सिर समेत अंगों पर गहरी चोटें है। डॉक्टरों के मुताबिक, हादसे के बाद समय से अस्पताल पहुंचने से युवकों की जान बचाई जा सकी। नगर कोतवाल मनोज कुमार पाठक ने बताया कि पिकअप कब्जे में लिया गया है। छानबीन की जा रही है।

हादसे के बाद आसपास अफरातफरी मच गई। पहुंचे लोगों ने घायलों को पिकअप से बाहर निकाला। वहीं, पुलिस को घटना की जानकारी दी। वहां आई पुलिस घायलों को अस्पताल ले गई। साथ ही परिजनों को घटना की जानकारी दी। गनीमत रही कि देररात हादसा हुआ। इस दौरान लगभग दुकानें हो गई थी। लोग अपने घरों को जा चुके हैं। ऐसे में हादसे में कोई अन्य हताहत नहीं हुआ है। शुक्रवार को दिनभर आम राहगीर एक दूसरे से घायलों की जानकारी लेते नजर आए। हालांकि, इस दौरान फ्लाईओवर पर कई बार जाम की स्थिति रही है। दोबारा हादसा हो सकता है। बावजूद इसके रेलिंग दुरुस्त नहीं कराई गई है। वहीं, सुरक्षा के लिहाज से कोई कर्मी मौजूद रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले साल भी एक ट्रक चालक ने नियंत्रण खो दिया था।

## एमआरआई भवन में बनेगा अस्थाई रैन बसेरा

**संवाददाता–गोण्डा।** बाबू ईश्वर शरण अस्पताल के एमआरआई भवन में इस बार भी अस्थाई रैन बसेरा बनाया जाएगा। ठंडक पड़ने के साथ ही इस भवन में रैन बसेरे के संचालन की कार्यवाही शुरू करा दी गई है। अस्पताल मैनेजर डा अनिल वर्मा ने बताया कि एमआरआई भवन में रखे सामान अन्य जगह शिफ्ट किए जा रहे हैं। जल्द ही इस भवन में रैन बसेरा संचालित होने लगेगा। इससे पहले इमरजेंसी के सामने रैन बसेरा बनाया गया था लेकिन अस्पताल के मेडिकल कालेज से सम्बद्ध होने के बाद नव निर्माण में वह ढहा दिया गया था।

### डीएपी लेने बड़ी पहुंचे में पहुंचे किसान

**संवाददाता–गोण्डा।** कस्बा स्थित सहकारी संघ पर डीएपी आने की सूचना पर किसानों की भीड़ लग गयी। शुक्रवार सुबह सहकारी संघ पर दो सौ बोरी डीएपी आई थी। इसकी सूचना मिलते ही किसान वहां एकत्र हो गए। सचिव सत्य प्रकाश ने बताया कि एक आधार कार्ड पर दो बोरी खाद दी जा रही। एक बोरी की कीमत 1350 रुपये है।

## बकरी के लालच में पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ



**संवाददाता–बहराइच।** पांच दिन पहले एक बच्चे पर हमलाकर मौत के घाट उतार देने वाला तेंदुआ शुक्रवार सुबह पिंजरे में कैद हो गया। उसे पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम बीते कई दिनों से प्रयासरत थी। बहराइच के कतर्नियाघाट वन क्षेत्र के बाजपुर बनकटी गांव में एक बालक को मौत के घाट उतारने वाला तेंदुआ शुक्रवार की भोर में वन विभाग की गिरफ्त में आ चुका है। पांच दिन पूर्व बाजपुर बनकटी गांव के सात वर्षीय बालक अभिनंदन को तेंदुए ने हमला कर उसे मार दिया था। जिसके बाद ग्रामीणों की मांग पर रेन्जर आशीष गौड़ ने वन दरोगा मयंक पांडे के नेतृत्व में विभाग की टीम के साथ मिलकर सीताराम पुरवा और बाजपुर बनकटी गांव के बीच घटनास्थल के समीप एक पिंजरा लगाया था। जिसमें बकरी बांधकर तेंदुए को फंसाने का प्रयास किया जा रहा था लेकिन तेंदुआ पिछले 5 दिनों से चकमा देने के बाद आखिरकार शुक्रवार सुबह बकरी के लालच में पिंजरे में आ फंसा। तेंदुए के पकड़े जाने की खबर से गांव में अफरा–तफरी मच गई। तेंदुए को देखने के लिए पिंजरे के पास ग्रामीणों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई। इस बीच वन विभाग की टीम ने पिंजरे को ट्रैक्टर ट्राली पर लादकर रेंज कार्यलय कतर्नियाघाट ले गए। रेन्जर आशीष गौंड ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पड़री बल्लभ गोशाला के मवेशियों का किया परीक्षण

**संवाददाता–गोण्डा।** पड़री कृपाल ब्लॉक के पड़री बल्लभ ग्राम पंचायत स्थित गौ आश्रय स्थल में व्याप्त अव्यवस्था का जायजा लेने शुक्रवार को एडीओ पंचायत और पशु चिकित्सक पहुंचे। पशु चिकित्सक ने यहां संरक्षित बीमार पशुओं का परीक्षण कर उनकी उचित देखभाल के निर्देश दिए। उन्होंने तत्काल अफसरों को निरीक्षण करके व्यवस्था दुरुस्त कराने के कड़े निर्देश दिए। डीएम नेहा शर्मा के सख्त निर्देश पर एडीओ पंचायत भूदेव सिंह और एडीओ आईएसबी गौशाला पहुंचे। दोनों अफसरों ने गौशाला में व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए हैं। एडीओ पंचायत ने ग्राम प्रधान और केयर टेकर से गौ आश्रय स्थल परिसर की साफ सफाई व्यवस्था सुधारने, मवेशियों को समय पर चारा देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बीमार होने की सूचना तत्काल पशु चिकित्सक और ब्लॉक कर्मचारियों को देने के लिए कहा है। पशु चिकित्सक ने किया मवेशियों का परीक्षणरू पड़री बल्लभ ग्राम पंचायत स्थित गौ आश्रय स्थल में शुक्रवार को पशु चिकित्सक डॉ अश्विनी सिंह ने पहुंच कर मवेशियों की स्वास्थ्य परीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सभी मवेशी स्वस्थ हैं। केयर टेकर को मवेशियों की देखभाल और अस्वस्थ होने पर तत्काल सूचना देने के लिए कहा गया है। उधर, डीएम नेहा शर्मा ने बताया कि गौशाला में किसी प्रकार की अव्यवस्था की मिलने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ठंड से मवेशियों को बचाने के भी दिशा–निर्देश दिए हैं।

## स्कूल में शराब और मटन की पार्टी, जनप्रतिनिधि के साथ टीचरों की मस्ती का वीडियो वायरल



**संवाददाता–देवरिया।** नगर पंचायत हेतिमपुर स्थित कम्पोजिट विद्यालय में शराब व मटन की पार्टी का वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक जनप्रतिनिधि के साथ स्कूल के शिक्षक व कुछ अन्य लोग दिख रहे हैं। हालांकि वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि हिन्दुस्तान नहीं करता है। शिकायत के बाद बीएसए के निर्देश पर देसही देवरिया के बीईओ ने गुरुवार को प्रकरण की जांच की।

वायरल हो रहे तकरीबन डेढ़ मिनट के वीडियो में दिख रहा है कि स्कूल के किचन में कुछ लोग मटन बना रहे हैं। बगल के एक कमरे में कुछ शिक्षक और नगर के एक जनप्रतिनिधि बैठे हैं। एक व्यक्ति के पास बीयर की बोतल पड़ी है। उसके हाथ में जलती सिगरेट है। वीडियो वायरल होने के बाद विभाग में हड़कंप मच गया। सभासद नीरज गुप्ता ने बुधवार को इसकी शिकायत बीएसए और डीएम से की। सभासद का दावा है कि रात के अंधेरे में स्कूल का ताला खोलकर शराब व मटन की पार्टी हुई। सभासद की शिकायत के बाद बीएसए के निर्देश पर देसही देवरिया के बीईओ ने गुरुवार को प्रकरण की जांच की।

देवरिया बीएसए शालिनी श्रीवास्तव ने बताया कि हेतिमपुर के एक विद्यालय की शिकायत आई थी, जिसकी जांच खंड शिक्षाधिकारी को दिया गया है। उन्होंने इसकी रिपोर्ट भेजा है। इसका अध्यन किया जाएगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

सभासद नीरज गुप्ता ने बताया कि मामले की जांच करने पहुंचे बीईओ ने उनका बयान नहीं लिया। जबकि इस घटना का साक्ष्य उनके पास उपलब्ध है। उन्होंने अधिकारियों से प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग किया है। परिषदीय विद्यालयों के लिए निर्देश है कि स्कूल में शराब और मांसाहार का उपयोग नहीं किया जा सकता है। कोई कार्यक्रम करने के लिए प्रधानाध्यापक को बीएसए और बीईओ से अनुमति लेना अनिवार्य होता है।

## बेसिक स्कूलों में प्रबंध समितियों का पुनर्गठन 30 तक

**संवाददाता–गोण्डा।** जिले के बेसिक स्कूलों में विद्यालय प्रबंध समितियों का गठन नए सिरे से किया जाएगा। वर्तमान में कार्य कर रही प्रबंध समितियों का कार्यकाल 30 नवंबर को पूरा हो रहा है। शासन के निर्देश पर डीएम नेहा शर्मा ने 30 नवंबर से पहले सभी विद्यालयों में प्रबंध समिति गठन करने के लिए ब्लॉकवार प्रभारी अधिकारी नामित किया है। निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत जिले के 2709 परिषदीय विद्यालयों में विद्यालय प्रबंध समिति का गठन किया जाना है। इन समितियों का कार्यकाल दो साल के लिए होता है। डीएम ने 28 नवंबर तक समिति के निर्देश दिए हैं। बीएसए अतुल कुमार तिवारी ने बताया कि एक ही परिसर में स्थापित प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालय के लिए एक ही समिति का गठन की जाएगी। कस्तूरबा विद्यालयों में भी प्रबंध समिति का गठन होगा। विद्यालय प्रबंध समिति के 11 अभिभावक सदस्यों में हरेक कक्षा का प्रतिनिधित्व अनिवार्य रूप से करना होगा। शिक्षा मित्रों, रसोइयों व शिक्षा विभाग में कार्यरत व्यक्ति समिति के सदस्य नहीं बन सकेंगे। प्रबंध समिति में 15 सदस्य होंगे शामिल रू परिषदीय विद्यालयों में 15 सदस्य नवगठित प्रबंध समिति में शामिल हो सकेंगे। जिसमें 11 सदस्य बच्चों के अभिभावक होंगे। इनमें 50 फीसदी महिला सदस्यों को रखना अनिवार्य होगा। जबकि, चार सदस्यों में एक स्थानीय निकाय का सदस्य, एक एएनएम अथवा मिडवाइफ, डीएम की ओर नामित लेखपाल और प्रधानाध्यापक शामिल होगा। बीएसए ने बताया कि विद्यालयों में गठित होने वाली प्रबंधा समिति आसपास के क्षेत्र के सभी बच्चों का नामांकन एवं उपस्थिति सुनिश्चित करेगी।

## हादसों में कपड़ा व्यवसायी समेत दो की मौत




**संवाददाता–बलरामपुर।** शुक्रवार को अलग–अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में कपड़ा व्यवसायी समेत दो की मौत हो गई। घटना से घरों में चीख पुकार मची है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। गौरा चौराहा थाना क्षेत्र के गांव कतवरिया निवासी नियाज अहमद ने बताया कि 55 वर्षीय भाई अब्दुल समद उर्फ झिन्नू ग्राम गोपलापुर में किराए पर कमरा लेकर कपड़े की दुकान करते थे। शुक्रवार की सुबह बेलहा–बिस्कोहर राजमार्ग पर गोपलापुर में सड़क पार कर रहे थे। तभी बलरामपुर से गौरा की ओर जा रही ट्रक की चपेट में आ गए।

इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने पांच किमी तक पीछा करके गौरा थाने के सामने ट्रक को रोक लिया। ड्राइवर पिटाई के डर से थाने में घुस गया। उसे पुलिस ने अपनी अभिरक्षा में ले लिया। ग्रामीणों को समझा–बुझाकर घर भेज दिया। थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि ट्रक को कब्जे में लेकर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। वहीं, रेहरा बाजार थाना क्षेत्र के धर्मपार गांव में शुक्रवार की सुबह स्कूली बच्चों को लेने आई एक निजी स्कूल की वैन की चपेट में धर्मपार निवासी सिराज अहमद का दो वर्षीय बालक अली रजा आ गया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

नाजिया बेगम ने बताया कि उनके पति सिराज अहमद दुबई रहते हैं। पुलिस को सूचना दिए बिना ही बच्चे को दफन कर दिया है। हुसैनाबाद पुलिस चौकी प्रभारी आशीष सिंह ने बताया कि परिजनों द्वारा बिना सूचना दिए ही बालक का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

## पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के जन्मदिवस पर फल वितरित करते भावुक हुए सपा नेता




**संवाददाता–गोण्डा।** सपा के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के जन्मदिवस पर सपा नेता सूरज सिंह मरीज को फल वितरित करते भावुक हो गए। उन्होंने 1993 की घटना का याद दिलाते हुए कहा कि जब मेरे पिताजी पूर्व मंत्री स्वर्गीय पंडित सिंह को गोलियों से छलनी कर दिया गया था। उस समय नेताजी ने अपना हेलीकॉप्टर भेज कर उन्हें लखनऊ तक एयर लिफ्ट कराकर उनकी जान बचाई थी।

सपा संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के जन्मदिवस के अवसर पर सपा नेता सूरज सिंह ने जिला अस्पताल में मरीज को फल और दूध वितरित वितरित किया। कार्यकर्ताओं से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव ने हमेशा गरीब पीड़ित, वंचितों और मजलूमों की सहायता किया है। नेताजी के व्यक्तित्व के बारे में शब्दों में बयां कर पाना बहुत ही मुश्किल है। 1993 की घटना को याद दिलाते हुए वह भावुक हो गए। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को भारत रत्न देने की मांग की। समाजवादी पार्टी से पूर्व मंत्री स्वर्गीय पंडित सिंह और उनके परिवार का गहरा नाता रहा है। परिस्थितियाँ कैसी भी रही हो, लेकिन पंडित सिंह हमेशा पार्टी के लिए संघर्ष करते रहे। पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के वह बहुत ही करीबी रहे। मुलायम सिंह यादव के जन्मदिवस के अवसर पर सपा नेता पूर्व मंत्री के बेटे सूरज सिंह ने जिला अस्पताल में आज मरीजो को फल और दूध का वितरण करते वह भावुक हो गए। उन्होंने 1993 की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि नेताजी ने सदैव गरीबों मजलूमों और असहायों की सहायता की है। उनके व्यक्तित्व के बारे में शब्दों में बयान कर पाना बहुत ही मुश्किल है। आज किसी भी पार्टी का कोई भी बड़े से बड़ा नेता हो वो नेताजी के सम्मान में सदैव उनके व्यक्तित्व की सराहना करता है। सूरज सिंह ने भावुक होकर कहा कि नेताजी ने मेरे पिता स्व पंडित सिंह को जब सन 1993 के हमले में राजनैतिक विरोधियों ने 19 गोलियों से उन्हें छलनी कर दिया गया था। तब तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने अपना हेलीकाप्टर भेज कर लखनऊ तक एयरलिफ्ट कराया। इलाज के दौरान मुख्यमंत्री रहते हुए 6 माह में 9 बार मिलने गए। जबकि उस वक्त वह किसी पद पर न होकर आम कार्यकर्ता थे। दरअसल पंडित सिंह इस जिले के इकलौते एक ऐसे नेता थे। जिन्हें इस जिले की जनता आज भी बहुत सम्मानपूर्वक याद करती है। उनसे मिलने के बाद कोई भी व्यक्ति निराश होकर नहीं लौटता था। वह एक सर्वमान्य नेता था। मंत्री रहते हुए भी जिले की जनता को मिलने के लिए उनका कोई प्रोटोकॉल नहीं था। वह अपने सरल स्वभाव के कारण बड़ी आसानी से जनता जनार्दन से मिलकर उनके दुख दर्द को सुनकर उसका समाधान करते थे। नेताजी के जन्मदिवस के इस अवसर पर फल वितरण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिव सम्पत, जयचंद्र सिंह देवेन्द्र सिंह, मंटू काजी, मनीष अग्रवाल, रामधन यादव, मेराज अहमद, विनय सिंह, शुभम, गौरव, प्रभात, सब्बू, सलमान, राज, विशाल आदि उपस्थित रहे।

### डोंगा पूजन के साथ आईपीएल चीनी मिल के पेराई सत्र का हुआ शुभारंभ

**संवाददाता–महराजगंज।** सिसवा कस्बा स्थित इण्डियन पोटाश लिमिटेड चीनी मिल में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पेराई सत्र शुरू हो गया। क्षेत्रीय विधायक प्रेमसागर पटेल ने डोंगे में गन्ना डाला। चीनी मिल परिसर के केन यार्ड में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे क्षेत्रीय विधायक प्रेम सागर पटेल को आचार्य सुरेंद्र तिवारी व शैलेष तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पेराई सत्र शुरू करने हेतु हवन–पूजन कराया। उसके बाद गन्ना तौल करने वाले कांटो व कल पुर्जों का पूजन किया। इसके बाद उन्होंने डोंगे में गन्ना डालकर पेराई सत्र का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर चीनी मिल के यूनिट हेड संदीप पवार व गन्ना विभागाध्यक्ष धीरज सिंह ने बताया कि इस मिल की प्रतिदिन पेराई की क्षमता 2500 टीसीडी की है। इस सत्र में लखनऊ गन्ना आयुक्त के तरफ से 35 लाख क्विंटल गन्ना पेराई करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। किसानो को शासन द्वारा निर्धारित मूल्य ही दिया जाएगा।

### बेदखली सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी मदन पुत्र स्वर्गीय श्री मिहीलाल ग्राम– महावा मजरे (सखिया) थाना पूरा कलन्दर तहसील सोहावल जनपद अयोध्या का निवासी है। मेरा पुत्र मुकेश कुमार परिवार के कहने–सुनने में नहीं है। वह आये दिन कलह और विवाद करता है। इससे पूरा परिवार परेशान है। इसका चाल चलन व चरित्र ठीक नहीं है, नशे का आदी है। इसे देखते हुये मैं उसे अपने चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। अपने किसी भी प्रकार के कृत्य, लेन देन आदि के लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। प्रकाशन इसलिये करा रहा हूं कि वक्त जरूरत पर काम आये।

### अदालती नोटिस

न्यायालय– श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) महोदय फैजाबाद के द्वारा निकाली गयी उद्‌घोषणा
अर्न्तगत धारा 372 उत्तराधिकार अधि0
M.N.R.N0. 72/2024
राम विलास आदि
**बनाम**
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कलेक्टर महोदय फैजाबाद हर खासो आम
मृतक–मनीराम पुत्र स्वर्गीय अयोध्या निवासी ग्राम–सीवन परगना व तहसील रूदौली जिला –अयोध्या
मृत्यु दिनांक–04/09/2004
**पेशी दिनांक– 25–11–2024**

अपने मृतक को देय ऋण औरं प्रतिभूतियों को वसूल करने के लिये उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की अभिप्राप्ति के लिये प्रार्थना–पत्र के अर्न्तगत धारा 372 अधिनियम संख्या 39 सन 1925 ई0।

चूंकि श्री निवासी ग्राम परगना तहसील जिला ने उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र की अभिप्राप्ति के लिये आवेदन किया और 2024 के माह 11 के 25 दिवस का आवेदन की सुनवाई के लिये तिथि निश्चित की गयी है।

अतः यह उद्‌घोषणा निकाली जाती है कि जिस किसी को उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो वह स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा न्यायालय सिविल जज सी0डि0 फैजाबाद के न्यायालय में दिनांक 25–11–2024 को अपरान्ह 10 बजे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा उक्त तिथि के अवसान पर किसी की कोई आपत्ति नहीं सुनी जायेगी और प्रार्थना पत्र पर यथोचित आदेश पारित कर दिया जायेगा।

आज दिनांक माह सन ई0 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

द0 हाकिम

## श्रीकांची कामाक्षी प्रेरणा से विश्व शांति और राम राज्य स्थापना के लिए कर सेवा पुरम में हो रहा है महायज्ञ

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**



अयोध्या। श्रीकांची कामाक्षी अम्मा के प्रेरणा से सनातन धर्म रक्षा, विश्व शांति और कल्याण हेतु श्रीमहा नारायण दिव्य रुद्र सहित शत सहस्र चंडी विश्व शांति महायज्ञ का 18 नवंबर से अयोध्या में शुभारंभ हो चुका है। यह महायज्ञ श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट, श्रीकांची कामकोटि पीठम एवं चिन्मयी सेवा ट्रस्ट विजयनगरम, आंध्र प्रदेश द्वारा आयोजित किया गया है। 45 दिनों तक चलने वाले शत सहस्र चंडी विश्व शांति महायज्ञ का समापन 1 जनवरी 2025 को होगा। उक्त बातें महायज्ञ के मार्गदर्शक ब्रह्मर्षि यानमंदरा वेणुगोपाल शास्त्री गरू ने शुक्रवार को कारसेवकपुरम में आयोजित प्रेसवार्ता के दरम्यान कही। उन्होंने बताया कि श्रीमहानारायण दिव्य रुद्र सहित शत सहस्र चंडी विश्व शांति महायज्ञ कारसेवकपुरम के प्रांगण में चल रहा है। जो भगवान श्रीराम की पवित्र जन्मस्थली अयोध्या धाम में श्रीकांची कामाक्षी अम्मा के दिव्य आदेशनुसार आयोजित किया गया है। महायज्ञ का उद्देश्य सनातन धर्म के प्रचार–प्रसार, अयोध्या की पवित्रता, आध्यात्मिकता की पुनर्स्थापना और वृहद स्तर पर आध्यात्मिक ऊर्जा के प्रसार हेतु किया जा रहा है। अयोध्या–कांची के बीच प्राचीन आध्यात्मिक संबंध से प्रेरणा लेते हुए राजा दशरथ संतान प्राप्ति के लिए कांची गए। श्रीकामाक्षी अम्मा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके परिणामस्वरूप पुत्रकामेष्टि यज्ञ के फलस्वरूप भगवान श्रीराम का जन्म हुआ। मार्कंडेय पुराण के अनुसार श्रीकामाक्षी अम्मा को इक्ष्वाकु वंश की कुलदेवी के रूप में वर्णित किया गया है। इस कलियुग में नैतिक पतन, पर्यावरणीय संकट और सामाजिक समस्याओं के दौर में, ईश्वर की कृपा–चंडी अम्मा के दिव्य आशीर्वाद प्राप्त करने के उद्देश्य से यह महायज्ञ आयोजित किया गया है। इसका उद्देश्य मानव जीवन की समस्याओं को दूर करना, सामूहिक आध्यात्मिक संरक्षण और विश्व शांति की प्राप्ति है। प्रतिदिन 12 सौ ऋत्विक वेद मंत्रों का जाप करते हुए यज्ञ विधियों का संचालन कर रहे हैं। हर दिन भक्तों के लिए अन्नदान का आयोजन हो रहा है। पूरी अयोध्या नगरी वेद मंत्रों से गुंजायमान है। यह जीवन में केवल एक बार मिलने वाला दुर्लभ अवसर है। इस धार्मिक आयोजन में दुनिया भर के लोग भाग ले रहे हैं। यह महायज्ञ आने वाली पीढ़ियों के लिए सनातन धर्म की रक्षा और प्रचार–प्रसार हेतु किया गया है। वेद मंत्रोच्चार, आध्यात्मिक प्रयासों के माध्यम से अयोध्या की पवित्रता और आध्यात्मिक ऊर्जा का विश्व व्यापी प्रसार होगा।उन्होंने बताया कि महायज्ञ में प्रतिदिन सुबह 8 बजे से लेकर दोपहार 1 बजे तक और सायं 3 बजे रात्रि 7.30 बजे तक जप–हवन किया जा रहा है। यज्ञशाला में कुल 59 कुंड बनाए गए हैं। महायज्ञ में लक्ष्मी गणपति मंत्र, सुब्रह्मण्य मंत्र, वन दुर्गा महाविद्या, नवग्रह मंत्र, राममूल जाप, श्रीसूक्तम पारायणम, पुरूष सूक्तम पारायणम, कार्तवीर्य अर्जुन मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, धनवंतरि मंत्र, महासरस्वती, चंडी मूल, चंडी सप्तसती, चंडी, दिव्य रूद्रम, वाल्मीकि पारायणम, नक्षत्र आदि का मंत्र जाप, होम, पारायण किया जाएगा। प्रेसवार्ता में यनमंद्र सुब्रह्मण्य शर्मा गरू, रामाकृष्ण मिश्रा, विहिप प्रांतीय प्रवक्ता शरद शर्मा आदि मौजूद रहे

## प्रतिबंध के बाद भी बिक रहा है चीन का लहसुन

**संवाददाता–अम्बेडकरनगर।** प्रतिबंध के बावजूद चीन का लहसुन मुख्यालय समेत ग्रामीणांचल की बाजारों में धड़ल्ले से बिक रहा है। जिला प्रशासन की ओर से ध्यान न दिए जाने से दुकानदार ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में लोगों के सहेत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। बीतें दिनों उच्च न्यायालय ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार से जवाब मांगा था कि प्रतिबंध के बाद भी चीन का लहसुन यहां यहा पहुंचने के बाद कैसे बिक रहा है। अदालत से इस पर कठोर कार्रवाई की जरूरत भी बताया। जानकारों की माने तो चीन के लहसुन में कीटनाशकों का उच्च स्तर होता है और उसके फंगसयुक्त होने का भी डर होने से इस पर बैन लगाया गया था। देसी लहसुन से काफी सस्ता होने की वजह से अवैध तरीके बाजार में उतारा गया है। देसी लहसुन से काफी सस्ता होने से व्यवसायी ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में इसकी बिक्री कर रहे हैं लेकिन यह लोगों के सेहत के साथ बड़ा खिलवाड़ है। चीन दुनिया में लहसुन का सबसे बड़ा उत्पादक देश है और वहां इसे उगाने में बहुत ज्यादा केमिकल और कीटनाशकों का इस्तेमाल किया जाता है जो सेहत के लिए खतरनाक है। चीनी लहसुन को पहचानना बहुत आसान है। उसका रंग, आकार और उसकी गंध देसी लहसुन से अलग होता है।

## एबीवीपी सदस्यता आंकड़ा 55 लाख पार, विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा




**संवाददाता–गोरखपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अपनी ही सदस्यता संख्या का रिकॉर्ड तोड़ इस वर्ष 55,12,470 सदस्यता की है। देश के शैक्षणिक संस्थानों में महिलाओं के लिए सुरक्षा तथा महिला सशक्तिकरण के पक्ष में आवाज उठाने तथा महिलाओं को नेतृत्व देने की दिशा में विद्यार्थी परिषद ने उल्लेखनीय प्रयास किया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सबसे बड़े छात्र संगठन के रूप में अपनी ही सदस्यता संख्या का रिकॉर्ड तोड़ इस वर्ष 55,12,470 सदस्यता की है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में चल रहे विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन में विद्यार्थी परिषद की संगठनात्मक रिपोर्ट को प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस वर्ष 55,12,470 सदस्यता पूरे देशभर से हुई है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के निवर्तमान राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने बताया कि विद्यार्थी परिषद की सतत् सक्रियता से देशभर के शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों के मुद्दों को प्रमुखता से रेखांकित किया है तथा छात्रों के भरोसे को अर्जित किया है। विद्यार्थी परिषद ने शैक्षणिक संस्थानों के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है, जिससे हमारे शैक्षणिक संस्थान में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का भविष्य सुरक्षित हो सके। देश के शैक्षणिक संस्थानों में महिलाओं के लिए सुरक्षा तथा महिला सशक्तिकरण के पक्ष में आवाज उठाने तथा महिलाओं को नेतृत्व देने की दिशा में विद्यार्थी परिषद ने उल्लेखनीय प्रयास किया है।

## पैदा होते ही मां का निधन अब बेटे ने की खुदकुशी

**संवाददाता–गोरखपुर।** गगहा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोठा निवासी 26 वर्षीय राजन सहानी पुत्र राजू ने घर के सामने शौचालय के बगल में बेल के पेड़ में गुरुवार की रात में दुपट्टे का फंदा लगाकर कर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। राजन की मां का पैदा होते ही मौत हो गई थी। राजन ज्यादातर समय अपने ननिहाल में मामा राजेन्द्र सहानी ग्राम नवऊर थाना खोराबार रहकर मोटर मैकेनिक का कार्य करता था। पिता मुम्बई में रहता इसके मां के मरने के बाद दूसरी शादी किया था जिसके दो जवान बेटे हैं जो घर ही रहते हैं। मामा राजेन्द्र सहानी ने बताया इसके सिर में कोई सुजन था जिसकी दवा गोरखपुर एक निजी अस्पताल से चलता था।

डॉक्टर का कहना था कि कोई विशेष बात नहीं है ठीक हो जाएगा। ननिहाल से गुरुवार को ही घर आया था अभी शादी नहीं हुई थी रात में मुर्गा बनाकर घर ही परिवार के साथ खाया भी सुबह परिवार के सदस्य शौचालय में गए तब उसकी लटकती हुई लाश देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतार कर पीएम के लिए भेज दिया है। आत्महत्या करने का कोई अस्पष्ट कारण पता नहीं चल पाया है। थाना प्रभारी गौरव कुमार वर्मा ने बताया कि पीएम के बाद मौत की वजह सामने आएगी।

## ठंड होने के बाद भी नहीं थम रहे चर्म रोग के मरीज



**संवाददाता–संतकबीरनगर।** संतकबीरनगर जिले में ठंड बढ़ने के साथ ही जिला अस्पताल की ओपीडी में त्वचा रोगी बढ़ गए हैं। ओपीडी में प्रतिदिन मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। मौसम में शुष्क त्वचा, खाज–खुजली के मरीज आ रहे हैं। एक सप्ताह पहले की तुलना में ढाई गुना मरीज बढ़ गए हैं। चिकित्सक ने सावधानी बरतने की सलाह दी है। ठंड के मौसम में पानी कम पीने व शरीर से पसीना न आने की वजह से त्वचा रोग होने की संभावना अधिक है। लोगों को नियमित व्यायाम के साथ खूब पानी पीने की सलाह दे रहे हैं।

जनपद में कोहरा पड़ने की शुरुआत हो रही है जिससे ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। ठंड बढ़ने के साथ ही जिला अस्पताल में त्वचा रोगी बढ़ रहे हैं। ओपीडी में शुष्क त्वचा के अलावा खाज–खुजली के मरीज आ रहे हैं। जिला अस्पताल के त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. एसबी गौतम ने बताया कि शरीर से पसीना न निकलने, पानी कम पीने और शरीर की साफ–सफाई ठीक से नहीं होने की वजह से खाज–खुजली और शुष्क त्वचा के मरीज आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह पहले 100 लोग इलाज के लिए आ रहे थे। ओपीडी में लगातार मरीजों के बढ़ने के बाद अब यह संख्या 250 के पार तक पहुंच गई है।

ठंड के मौसम में त्वचा की देखभाल करनी चाहिए। ठंड के मौसम में पानी ज्यादा पीना चाहिए। इसके अलावा तरल पदार्थों का सेवन ज्यादा करना चाहिए। शरीर की साफ–सफाई रखनी चाहिए। शरीर से पसीना निकालने के लिए व्यायाम करना चाहिए। सुबह अगर ज्यादा ठंड हो तो व्यायाम थोड़ा देर से कर सकते हैं। सोरायसिस एक त्वचा रोग है जो खुजली, पपड़ीदार पैच के साथ चकत्ते का कारण बनता है। आमतौर पर यह घुटनों, कोहनी, धड़, हाथ के पंजे और सिर पर होता है। इसमें शरीर की प्रतिरोधक प्रणाली ही स्वास्थ्य कोशिकाओं और टिशूज पर हमला करती है। लोगों को कम गर्म पानी से नहाना चाहिए। इसके अलावा ज्यादा ऑयली खाना नहीं खाना चाहिए। त्वचा की मालिश अवश्य करना चाहिए।

## जमीन विवाद को लेकर मनबढों ने महिला को पीटा

**संवाददाता–गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैदौली निवासिनी अनिता देवी पत्नी लौहर गुप्ता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर अपने नंदोई सहित चार लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) के तहत गुरुवार को मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैदौली निवासिनी अनिता देवी पत्नी लौहर गुप्ता ने थाने में तहरीर देकर बताया कि जमीन विवाद को लेकर 19 नवंबर को शाम तीन बजे के करीब ननदोई पलकधारी पुत्र अज्ञात ग्राम चक्की थाना खजनी, राम सागर पुत्र अज्ञात, बैजू पुत्र अज्ञात, झिन्नू पुत्र राम सागर निवासी बैदौली ने मुझे गालियां देते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। इलाज के बाद थाने के जनसुनवाई पर प्रार्थना पत्र दिया था। इस संबंध में थानाध्यक्ष महेश कुमार चौबे ने बताया कि अनिता देवी की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## 31 राउंड में आज होगी कटेहरी उपचुनाव की मतगणना



**संवाददाता–अंबेडकरनगर।** 20 को मतदान के बाद अब 23 नवंबर को 31 राउंड की मतगणना होगी। इसके बाद कटेहरी को नया विधायक मिल जाएगा। मतों की गणना राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर में 14 टेबल पर एक साथ शुरू होगी। प्रशासन व राजनीतिक दलों ने इसके लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। मतों की गणना सीसीटीवी कैमरे की निगरानी के बीच होगी।

कटेहरी उपचुनाव में 20 नवंबर को 425 बूथों पर मतदान कराया गया। यहां कुल 4,01,165 मतदाताओं को मताधिकार के प्रयोग का मौका मिला था। इनमें से 56.9 फीसदी मतदाताओं ने ही वोट किया। शांतिपूर्ण मतदान के बाद सभी ईवीएम को इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम में रख दिया गया। उसकी कड़ी निगरानी अर्द्धसैनिक बल के जवान कर रहे हैं। सिविल पुलिसकर्मियों को भी बाहरी सुरक्षा में लगाया गया है।

अब सब की नजर 23 नवंबर को होने वाली मतों की गणना पर टिक गई है। यहां सुबह आठ बजे से 14 अलग–अलग टेबल पर मतों की गणना होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट के जरिए जिन लोगों ने मतदान किया था, उनकी गिनती होगी। इसके बाद ईवीएम में दर्ज मतों की गिनती का सिलसिला शुरू किया जाएगा। कुल 31 राउंड में मतों की गणना पूरी होगी और इसके बाद कटेहरी के नये विधायक की घोषणा कर दी जाएगी। परिणाम दोपहर तक आने की उम्मीद है। जानकारों का कहना है कि सुबह 10 बजे के करीब तक यह स्पष्ट हो जाएगा कि कटेहरी की जनता ने किसके सिर पर ताज बांधा है।

## माटी रत्न सम्मान के लिए घोषित किए गए नाम



**संवाददाता–अयोध्या।** अशफाक उल्ला खां के शहादत दिवस पर 19 दिसंबर को मिलने वाले माटी रत्न सम्मान की घोषणा कर दी गई है। उर्दू क्षेत्र से मशहूर शायर गौहर रजा, हिंदी क्षेत्र से प्रसिद्ध साहित्यकार सुभाष चंद्र कुशवाहा व बाल साहित्यकार मृगेंद्र राज को माटी रत्न सम्मान दिया जाएगा। शहीद दिवस के मौके पर अशफाक उल्ला शहीद शोध संस्थान हर वर्ष माटी रत्न सम्मान देता है। शोध संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्यकांत पांडे ने सम्मान पाने वाली विभूतियों के नामों की घोषणा की है।

## जीएनएम युवती से छेड़खानी में गांव के तीन युवकों पर मुकदमा

**संवाददाता–गोरखपुर।** कैंपियरगंज इलाके के एक गांव की जीएनएम युवती को ड्यूटी जाते समय रास्ते में गांव के तीन युवक आए दिन छेड़खानी करते हैं। युवती ने परेशान होकर कैंपियरगंज पुलिस को गुरुवार को तहरीर दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मैं पीपीगंज के एक नर्सिंग होम में जीएनएम पद पर कार्यरत हूं। घर से रोज ड्यूटी स्कूटी से जाती आती हूं। गांव के ही इन्द्रेश, अविनाश व राहुल रास्ते में छेड़ते हैं। गालियां भी देते हैं। मना करने पर हमारी स्कूटी के सामने खड़ा होकर पकड़ भी लेते हैं। इनके हरकतों से परेशान रहती हूं। मैंने काफी परेशान होकर लिखित सूचना दी है। शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 352, 75 का मुकदमा दर्ज किया है।

## मांगों को लेकर एमआर एसोशिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता–गोरखपुर।** श्रम कानून, निश्चित अवधि रोजगार व कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम समेत विभिन्न मांगों को लेकर यूपीएमएसआर एसोशिएशन आफ इंडिया के बैनर तले संयुक्त सचिव संतोष कुमार के नेतृत्व में दवा प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

श्री कुमार ने कहा कि दवा कंपनिया दवा विक्रेता प्रतिनिधियों का शोषण कर रही है। कंपनियां श्रम कानूनों, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, निश्चित अवधि रोजगार समेत आदि नियमों का पालन नहीं कर रही है।

शासन–प्रशासन से हमारी मांग की मांगों को पूरा कराया जाए। जिससे हमारा अहित न हो। इस दौरान दिलिप सिंह, अशोक कश्यप, राकेश चौरसिया, विपुल सिंह व केके भट्ट समेत आदि लोग मौजूद रहे।

## बीआरडी मेडिकल कॉलेज में रैगिंग की कोशिश, प्रथम वर्ष के छात्रों के हॉस्टल में घुसे सीनियर

**संवाददाता–गोरखपुर।** बीआरडी मेडिकल कॉलेज में रैगिंग के प्रयास का मामला सामने आया है। सीनियर छात्र एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्रों के हॉस्टल में घुस गए, जिसकी तस्दीक सीसीटीवी फुटेज से हुई है। हालांकि, रैगिंग की पुष्टि नहीं हो सकी लेकिन कॉलेज प्रशासन व एंटी रैगिंग कमेटी ने इसे अनुशासनहीनता मानते हुए सीसीटीवी फुटेज में चिह्नित सात छात्रों को तीन महीने के लिए निलंबित कर दिया है। सभी आरोपी 2023 बैच के एमबीबीएस छात्र हैं।

वाकया बीते 10 और 11 नवंबर का है। बताया जा रहा है कि एमबीबीएस 2024 बैच के छात्र छठ की छुट्टी के बाद हॉस्टल लौटे थे। इस दौरान कुछ सीनियर छात्र रात 10 बजे एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए आवंटित राजेंद्रा हॉस्टल में घुस गए। सीनियर छात्र वहां करीब आधा घंटा रहे। किसी ने इसकी सूचना एंटी रैगिंग सेल को ईमेल के जरिए दी। इसके बाद कॉलेज में हड़कंप मच गया। आनन–फानन में हॉस्टल में सीसी कैमरों के फुटेज की जांच की गई है। उसमें पाया गया कि छात्र हॉस्टल कैंपस में घुसे थे। इस मामले की जांच एंटी रैगिंग कमेटी और कॉलेज प्रशासन ने की है। आरोपी सीनियर छात्रों ने बताया कि वे जूनियर छात्रों की क्रिकेट टीम तैयार करने हॉस्टल पहुंचे थे। हालांकि, हॉस्टल में प्रवेश की मंजूरी सीनियर छात्रों ने शिक्षकों से नहीं ली थी। न ही क्रिकेट मैच के किसी आयोजन की कोई सूचना उन्होंने कॉलेज प्रशासन को दी थी।

एंटी रैगिंग कमेटी व कॉलेज प्रशासन ने सीनियर छात्रों के इस प्रयास को रैगिंग की श्रेणी में रखा है। चिह्नित किए गए सात छात्रों को तीन महीने के लिए निलंबित करने का फैसला लिया गया है। इस दौरान न तो हॉस्टल और न ही कॉलेज कैम्पस में रहेंगे। क्लास भी नहीं कर पाएंगे। छात्रों को उनके परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा। बीआरडी, प्राचार्य, डॉ. रामकुमार जायसवाल ने कहा कि जांच में एमबीबीएस फर्स्ट ईयर के लिए आवंटित हॉस्टल में सीनियर छात्रों की एंट्री की पुष्टि हुई। फुटेज में रैगिंग के साक्ष्य नहीं मिले हैं। सभी आरोपी छात्रों को तीन महीने तक निलंबित रखने का फैसला किया गया है।

**अदालती नोटिस**

वाद के निपटारे के लिये सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5 व्या0प्र0 संहिता 1908)
वाद संख्या 222 / 2021
न्यायालय– श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) बांसी जिला सिद्धार्थनगर
मनौव्वर हुसैन आदि
बनाम
कलीमुन्निशा आदि
1. कलीमुन्निशा संरक्षिका माता साकिन सरहरपुर पोस्ट गौर बाजार जिला–बस्ती 2. तबस्सुम संरक्षिका माता कलीमुन्निशा साकिन सरहरपुर पोस्ट गौर बाजार जिला–बस्ती 3. शेख तरन्नुम संरक्षिका माता कलीमुन्निशा साकिन सरहरपुर पोस्ट गौर बाजार जिला–बस्ती 4. अ0 अहमद संरक्षिका माता कलीमुन्निशा साकिन सरहरपुर पोस्ट गौर बाजार जिला–बस्ती
**तारीख पेशी 28–11–2024**
प्रतिवादी ने आपके विरूद्ध के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक **28–11–2024** को दिन में 10 बजे वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे अधिवक्ता प्लीडर द्वारा उप संजात हो सकते हैं। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो बात से सम्बंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके न्यायालय में आपके उप संजात के लिये जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अन्तिम निपटारे के लिये नियत दिन है। इसलिये आपको उस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिये जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि अगर ऊपर बतायी गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह आज तारीख को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायाधीश

**अदालती नोटिस**

इत्तिलानामा बनाम रेपान्डेन्ट बावत इत्तिला तारीख मुकर्ररह समायत अपील
नि0 सं0–512
धारा 48 (1) जोत चकबन्दी अधि0
अदालत– श्रीमान उप संचालक चकबन्दी महोदय बस्ती जिला बस्ती
राम प्रकाश
बनाम
सन्तलाल आदि
1. सन्तलाल पुत्र सीताराम 2. घनश्याम पुत्र ध्रुवलाल 3. इसलावती पत्नी ध्रुवलाल 4. ओम प्रकाश पुत्र सीताराम 5. अनिल पुत्र ध्रुवलाल साकिनान मौजा संसारपुर तप्पा दुबखरा परगना नगर पूरव तहसील व जिला बस्ती 6. सरकार उ0प्र0 जरिये कलेक्टर बस्ती
**तारीख पेशी 27–11–2024**
अपील बनराजी अदालत मुकाम मयरिखा महीना सन् 20 ई0 रेस्पान्डेन्ट
इत्तिला दी जाती है कि अपील बनराजी डिगरी इस मुकदमें में मुसम्मी ने पेश इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और इस अदालत व तारीख 27 महीना 11 सन 2024 ई0 वास्ते जमानत तथा अपील मुकर्रर का है।
अगर खुद या आपके वकील या और शख्स जो कानूनन आपकी तरफ से अपील हाजा में जबाब सवाल करने वाजिद हो हाजिर न आयेगा तो उसकी समायत और तजबीज आपकी गैर हाजिरी में एकतरफा हो जायेगी।
आज बतारीख माह सन 20 ई. मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के हवाले किया गया।
–द0 हाकिम

**अदालती नोटिस**

इत्तिलानामा बनाम रेपान्डेन्ट बावत इत्तिला तारीख मुकर्ररह समायत अपील
नि0 सं0–202454171400000996
धारा 48 (1) जोत चकबन्दी अधि0
अदालत– श्रीमान डी0डी0सी0 महोदय बस्ती जिला बस्ती
राम बहादुर सिंह आदि
बनाम
राकेश कुमार सिंह आदि
1. राकेश कुमार सिंह 2. सतीश सिंह पुत्रगण कौशल किशोर सिंह साकिनान मौजा कटया तप्पा दुबखरा परगना नगर पूरव तहसील व जिला बस्ती
**तारीख पेशी 25–11–2024**
अपील बनराजी अदालत मुकाम मयरिखा महीना सन् 20 ई0 रेस्पान्डेन्ट
इत्तिला दी जाती है कि अपील बनराजी डिगरी इस मुकदमें में मुसम्मी ने पेश इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और इस अदालत व तारीख 25 महीना 11 सन 2024 ई0 वास्ते जमानत तथा अपील मुकर्रर का है।
अगर खुद या आपके वकील या और शख्स जो कानूनन आपकी तरफ से अपील हाजा में जबाब सवाल करने वाजिद हो हाजिर न आयेगा तो उसकी समायत और तजबीज आपकी गैर हाजिरी में एकतरफा हो जायेगी।
आज बतारीख माह सन 20 ई. मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के हवाले किया गया।
–द0 हाकिम

**अदालती नोटिस**

इत्तिलानामा बनाम रेपान्डेन्ट बावत इत्तिला तारीख मुकर्ररह समायत अपील
नि0 सं0–202454171400000995
धारा 48 (1) जोत चकबन्दी अधि0
अदालत– श्रीमान डी0डी0सी0 महोदय बस्ती जिला बस्ती
राम बहादुर सिंह आदि
बनाम
राकेश कुमार सिंह आदि
1. राकेश कुमार सिंह 2. सतीश सिंह 3. विजय बहादुर 4. चिन्ताहरण 5. रामतीरथ पुत्रगण कौशल किशोर सिंह साकिनान मौजा कटया तप्पा दुबखरा परगना नगर पूरव तहसील व जिला बस्ती 6. शैलेन्द्र 7. भूपेन्द्र पुत्रगण भानु प्रताप 8. शेर बहादुर 9. राम अवतार 10. वीरेन्द्र प्रताप 11. राम रतन पुत्रगण रामनेवास साकिनान मौजा कटया तप्पा दुबखरा परगना नगर पूरव तहसील व जिला बस्ती
**तारीख पेशी 25–11–2024**
अपील बनराजी अदालत मुकाम मयरिखा महीना सन् 20 ई0 रेस्पान्डेन्ट
इत्तिला दी जाती है कि अपील बनराजी डिगरी इस मुकदमें में मुसम्मी ने पेश इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और इस अदालत व तारीख 25 महीना 11 सन 2024 ई0 वास्ते जमानत तथा अपील मुकर्रर का है।
अगर खुद या आपके वकील या और शख्स जो कानूनन आपकी तरफ से अपील हाजा में जबाब सवाल करने वाजिद हो हाजिर न आयेगा तो उसकी समायत और तजबीज आपकी गैर हाजिरी में एकतरफा हो जायेगी।
आज बतारीख माह सन 20 ई. मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के हवाले किया गया।
–द0 हाकिम

**अदालती नोटिस**

सम्मन बरगज इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाप्ता 200 ई0)
वाद सं0– 08 / 19
धारा 116 उ0प्र0रा0सं0 2006
अदालत– श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय बांसी जिला– सिद्धार्थनगर
रामकेश
बनाम
सुभावती आदि
1. सन्तोष पुत्र राधेश्याम 2. राजेश 3. धर्मेन्द्र 4. महेन्द्र 5. शैलेन्द्र पुत्रगण राधेश्याम 6. नेहा 7. गुड़िया 8. विन्दू पुत्रीगण राधेश्याम साकिनान साड़ीखुर्द तप्पा रूधौली परगना मगहर पश्चिम तहसील बांसी जिला सिद्धार्थनगर
**तारीख पेशी 25–11–2024**
वाजेह हो कि ने आपके नाम एक नालिस बाबत दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 25 माह 11 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन बमुकाम असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमे के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके हाजिरी के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तदलाल करना चाहते हों पेश करें।
आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।
बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 21 माह 11 सन 2024 ई0 जारी किया गया।
द0 हाकिम

**अदालती नोटिस**

इत्तिलानामा बनाम रेपान्डेन्ट बावत इत्तिला तारीख मुकर्ररह समायत अपील
प्रकीर्ण अपील सं0–41 / 2024
अदालत– श्रीमान अपर सत्र न्यायाधीश / एफ0टी0सी0 प्रथम महोदय बस्ती जिला बस्ती
पारसनाथ आदि
बनाम
शोभाराम आदि
2. सुबाश चन्द्र पुत्र बाबूराम 4/1 पवन कुमार 4/2 मारूत कुमार पुत्रगण विमलेन्द्र 5. अविनाश चन्द्र 6. जगदीश प्रसाद पुत्रगण रामसुख 7. सुरेन्द्र प्रसाद 8. नरेन्द्र प्रसाद पुत्रगण रामसुख 9. शिवम सिद्धार्थ 10. सुन्दरम सिद्धार्थ पुत्रगण काशी प्रसाद 11. श्रीमती प्राणपती पत्नी रामलखन 12. राकेश कुमार 13. दिनेश कुमार पुत्रगणा रामशंकर 14. आत्मा पाठक 15. महात्मा पाठक पुत्रगण बाके बिहारी 16. रमेश चन्द्र 17. सतीश चन्द्र 18. राजीव चन्द्र पुत्रगण रामलखन 19/1 श्रीमती ऊषा देवी पत्नी स्व0 विजय प्रकाश 19/2 सुमित 19/3 सुधान्शु पुत्रगण विजय प्रकाश 20. राजेश चन्द्र 21. मनोज कुमार पुत्रगण परमात्मा 22. मनीष कुमार पुत्र महात्मा प्रसाद 23. प्रदीप कुमार पुत्र आत्मा प्रसाद निवासीगण ग्राम गोविन्दपारा तप्पा नवाई परगना नगर पश्चिम तहसील हर्रैया जिला–बस्ती
**तारीख पेशी 02–12–2024**
अपील बनराजी अदालत मुकाम मयरिखा महीना सन् 20 ई0 रेस्पान्डेन्ट
इत्तिला दी जाती है कि अपील बनराजी डिगरी इस मुकदमें में मुसम्मी ने पेश इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और इस अदालत व तारीख 02 महीना 12 सन 2024 ई0 वास्ते जमानत तथा अपील मुकर्रर का है।
अगर खुद या आपके वकील या और शख्स जो कानूनन आपकी तरफ से अपील हाजा में जबाब सवाल करने वाजिद हो हाजिर न आयेगा तो उसकी समायत और तजबीज आपकी गैर हाजिरी में एकतरफा हो जायेगी।
आज बतारीख माह सन 20 ई. मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के हवाले किया गया।
–द0 हाकिम

**अदालती नोटिस**

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
मूलवाद सं0–1369 / 2020
न्यायालय–श्रीमान ग्राम न्यायालय भानपुर जिला–बस्ती
घनश्याम
बनाम
श्याम सुन्दर आदि
1. श्याम सुन्दर उर्फ कतारू उम्र लगभग 49 वर्ष पुत्र स्व0 श्री घोलर 2. नीलम उम्र लगभग 23 वर्ष पुत्री श्याम सुन्दर उर्फ कतारू निवासीगण ग्राम सोनहिया (बांसापार) तप्पा सिकन्दरपुर परगना बस्ती पूरव तहसील भानपुर जिला–बस्ती
**तारीख पेशी 30–11–2024**
हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 30 माह 11 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।
आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।
बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।
–द0 हाकिम

**अदालती नोटिस**

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
मूलवाद सं0–136 / 2024
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) खलीलाबाद महोदय बस्ती जिला–बस्ती
सीतालाल
बनाम
दयाराम आदि
1. दयाराम पुत्र मंगरू 2. शिवनरायन 3. महेश 4. सुरेन्द्र 5. चन्द्र प्रकाश 6. संदीप 7. वेद प्रकाश पुत्रगण स्व0 भगवानदीन 8. रामदीन पुत्र विदेशी निवासीगण ग्राम सहारनपुर पोस्ट डेल्हवा तप्पा चरकैला परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला–बस्ती 9. हेमचन्द्र 10. पप्पू पुत्रगण झिनकू 11. अमित कुमार 12. अनिल कुमार पुत्रगण ऋषिराम निवासीगण ग्राम सिकन्दरपुर पोस्ट डेल्हवा तप्पा चरकैला परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला–बस्ती
**तारीख पेशी 21–01–2025**
हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 21 माह 01 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।
आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।
बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।
–द0 हाकिम

**दैनिक भारतीय बस्ती**

**स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।**
**सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय**

प्रबन्ध सम्पादक–**दिनेश सिंह**
संयुक्त सम्पादक–**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**
**अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–**
चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद
**लखनऊ कार्यालय–**
आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।
**गोरखपुर कार्यालय–**
इलाहीबाग गोरखपुर।
मो09450567450 9336715406,
ई.मेलbhartiyabasti@yahoo.com
bhartiyabasti@gmail.com